G20

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय,कोटा (राज.)
(NAAC द्वारा "A" ग्रेड़ प्राप्त संस्थान)
Email address principalgckota@gmail.com

आजादी का अमृत महोत्सव

दिनांकः—14.09.2023

प्रेस नोट

राजकीय महाविद्यालय, कोटा में आज दिनांक 14.09.2023 को IQAC एवं साइबर क्लब कोटा के संयुक्त तत्वावधान में साइबर अपराध अवेयरनेस पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में श्री अंकित जैन डी.एस.पी. कोटा पुलिस ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं मोटिवेशन करते हुये साइबर क्राइम से सावधान एवं सतर्क रहने हेतु प्रेरित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरूण कुमार ने की। प्राचार्य ने सम्बोधित करते हुये कहा कि विद्यार्थियों को मोबाइल का उपयोग आवश्यक होने पर ही करना चाहिए तथा समय का सदुपयोग शिक्षण कार्य में करना चाहिए। श्री अंकित जैन ने विद्यार्थियों इन्टरनेट व सोशल मीडिया के उपयोग में सावधानी एवं सतर्कता बरतने की सलाह दी। साथ ही उन्होने विद्यार्थियों को कई घटनाओं का उल्लेख करते हुये समझाया कि किस प्रकार हम लालच एवं भय के वशीभूत होकर साइबर फ्रॉड के शिकंजे में फस जाते है। कार्यक्रम में IQAC की समन्वयक डॉ. मंजू यादव, साइबर क्लब की समन्वयक डॉ. श्वेता आचार्य सहित अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अंजू कपूर, डॉ. मोनिका दक्षिणी, डॉ. हेमलता गुप्ता, डॉ. मीनाक्षी मयंगर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपने प्रश्नों का समाधान पूछा। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. जितेन्द्र कुमार वर्मा ने किया एवं धन्यवाद श्रीमती रीना कुमारी ने ज्ञापित किया।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, कोटा

GOVERNMENT COLLEGE KOTA (Raj.)
INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL
(IQAC)